डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर

डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इण्डिया लि.
भारत सरकार (रेल मंत्रालय) का उपक्रम
**Dedicated Freight Corridor Corporation of India Ltd.**
A Government of India (Ministry of Railways) Enterprise

# संदेश

## विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून 2023)

विश्व पर्यावरण दिवस 1974 से दुनिया भर में हर वर्ष 5 जून को मनाया जाता है। यह दिन स्टॉकहोम सम्मेलन के बाद संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के तत्वाधान में मनाया जाता है और यह पर्यावरण की सुरक्षा के लिए दुनिया भर में जागरूकता फैलाने और इस दिशा में कार्य करने के लिए एक महत्वपूर्ण वैश्विक मंच है। इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस का विषय (theme) **'बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन'** है।

इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि प्लास्टिक हमारे दैनिक जीवन में व्यापक रूप से उपयोग की जाने वाली सामग्री बन गई है। विश्व भर में हर वर्ष अनुमानतः हर वर्ष 400 मिलियन टन प्लास्टिक का उत्पादन किया जाता है, जिसमें से एक तिहाई एकल उपयोग वाला प्लास्टिक होता है। कटु सत्य यह है कि मनुष्य का जीवन प्लास्टिक पर अत्यधिक निर्भर हो गया है। यद्यपि, कोई भी प्लास्टिक कचरे की मात्रा, जिसे प्रतिदिन महासागरों, नदियों, झीलों और मिट्टी में फेंका जाता है, के विनाशकारी प्रभाव की आसानी से कल्पना कर सकता है। सूक्ष्म-प्लास्टिक (micro-plastics) अब हमारे वातावरण में सर्वत्र व्याप्त है और अनायास हमारे भोजन, पानी, हवा और घास में भी प्रवेश कर गए हैं।

**'बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन'** सही समय पर प्रस्तुत एक महत्वपूर्ण प्राथमिकता वाला विषय है। यह विषय प्लास्टिक प्रदूषण के खतरों के विरूद्ध व्यापक जागरूकता और सामाजिक चेतना पैदा करने और प्लास्टिक कचरे के उचित निपटान के लिए हमारे व्यवहार में अपेक्षित परिवर्तन पर ध्यान केंद्रित करने में काफी सहायक है।

प्लास्टिक के पुनर्चक्रण में सर्वोत्तम पद्धति को अपनाने एवं एकल उपयोग वाले प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने और हमारे दिन-प्रतिदिन के जीवन में अधिकाधिक पर्यावरण के अनुकूल सामग्री का उपयोग करने से प्लास्टिक मुक्त पर्यावरण की ओर बढ़ने में काफी मदद मिलेगी।

डीएफसीसीआईएल में, हमने अपने इको-सिस्टम की सुरक्षा के लिए, निर्माण गतिविधियों में साझा परिवर्तनकारी कार्रवाई को हमेशा प्रोत्साहित किया है और उसे अपनाया है। सतत विकास के लिए कई उल्लेखनीय पहलें शुरू की गई हैं, जिनमें एकल उपयोग वाले प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाना, उसका पुन: उपयोग करना और अपरिहार्य प्लास्टिक के कचरे के लिए बेहतर निपटान तंत्र की व्यवस्था करना शामिल हैं। डीएफसीसीआईएल में हमारा सतत प्रयास रहता है कि इसे पर्यावरण के अनुकूल बनाया जाए और इसके लिए अपने हित धारकों के साथ मिलकर काम किया जाए और इस दिशा में अपना भरपूर सहयोग प्रदान किया जाए।

विश्व पर्यावरण दिवस-2023 के अवसर पर आइए हम संकल्प लें कि हम सभी प्लास्टिक कचरे का उचित निपटान करेंगे, प्लास्टिक सामग्री का न्यूनतम उपयोग करेंगे और पर्यावरण के अनुकूल और उपयोगी सामग्री का इस्तेमाल करेंगे, ताकि हमारी पृथ्वी आने वाली पीढ़ियों के लिए भी सुखकर स्थान बनी रहे।

जय हिंद...........

5/6/23

**(आर.के. जैन)**
**प्रबंध निदेशक**